तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

11 पहली बारिश में ढही नई नाली, बेलौदी-अरमरीकला सड़क...

10 सिर्री मल्टी विलेज स्कीम से बुझेगी कुरूद क्षेत्र ...




## खबर संक्षेप

### वृद्ध दंपत्ति को हथियार दिखाकर लूटा, गिरफ्तार

**भिलाई।** वृद्ध दंपत्ति को हथियार दिखाकर लूटपाट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि शुभकामना हाइट्स, प्रगति नगर, रिसाली निवासी वी. कुमार ने पुलिस में शिकायत किया। 4 जुलाई को पीड़ित प्लांट में ड्यूटी पर गया था। इसी दौरान घर में काम करने वाली गिरजा यादव ने उसे फोन कर सूचना दी कि फ्लैट 109 स्थित उसके सास-ससुर के घर में अज्ञात व्यक्ति चेहरे पर कपड़ा बांधकर घर के भीतर घुस गया। वृद्ध दंपत्ति को धारदार हथियार दिखाकर धमकाया और सोना चांदी के जेवरात नगदी, सोने का नेकलेस लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आसपास में कोजबीन कर अज्ञात के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का शिनाख्त सकई वायकला, पोस्ट डेकी बम्हनी बंजर, थाना बम्हनी बंजर, जिला मंडला एमपी हाल ही में अस्पताल सेक्टर, सड़क 10, ब्लॉक-2, मकान 9 निवासी विभान्शु महोबिया के रुप में हुआ है। आरोपी के पास से बाइक, धारदार हथियार, कपड़े जब्त किए गए। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### पावर हाउस रेलवे स्टेशन का फाल सिलिंग गिरा

**भिलाई।** पावर हाउस रेलवे का फाल सिलिंग अचानक गिरने से आसपास के लोग बालबाल बच गए। घटना सोमवार की दोपहर का बताया गया है। दो दिनों से लगातार हो रहे बारिश के चलते स्टेशन का हाल में लगाए गए फाल सिलिंग भरभरा के गिर गया। हादसे में किसी को भी चोट नहीं आई है। रेलवे ने पावर हाउस स्टेशन का अमृत मिशन के तहत सौंदर्यीकरण करने का काम साल भर से जारी है है लेकिन ठेकेदार द्वारा किए गए जा रहे काम की गुणवत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। पहली बारिश में ही रेलवे का पोल खोलकर रख दिया है। जब फॉल सिलिग गिरा उस समय उनके नीचे कोई नहीं था अगर कोई यात्री होता तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### एक पैर पर खड़े हो अतिथि शिक्षक ने किया प्रदर्शन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में पिछले 11 सालों से सेवाएं दे रहे सैकड़ों अतिथि शिक्षक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दुर्ग प्रदर्शन करने पहुंचे। अतिथि शिक्षक दुर्ग स्थित शिक्षा मंत्री के निवास के सामने पहुंचे और जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने इस दौरान एक पैर पर खड़े होकर घंटो नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। अतिथि शिक्षकों में राज्य सरकार के प्रति इतना रोष दिखा कि प्रदर्शन करने से उन्हें खराब मौसम भी नहीं रोक सका। मूसलाधार बारिश के बीच सभी शिक्षक भीगते हुए दुर्ग जिला मुख्यालय में इकट्ठा हुए। इसके बाद वो स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के निवास की तरफ नारेबाजी करते हुए बढ़े।

### 'मोर गांव-मोर पानी' के तहत 85 आजीविका डबरी, 4 नवा तरिया और 23,800 कंटूर ट्रेंच बने

# पहली बारिश में लबालब भरीं आजीविका डबरियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डी

विकासखंड डौण्डी में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित 'मोर गांव-मोर पानी' महाअभियान के तहत बनाए गए जल संरक्षण ढांचे पहली ही बारिश में पानी से लबालब भर गए हैं। इससे वर्षा जल के संरक्षण के साथ भू-जल पुनर्भरण की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

■ डौण्डी में जल संरक्षण अभियान को मिली सफलता

मनरेगा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 50 तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में 35 आजीविका डबरियों का निर्माण कराया गया। इसके अलावा 4 नवा तरिया और लगभग 23,800 कंटूर ट्रेंच भी बनाए गए हैं। पहली ही बारिश में इन सभी संरचनाओं में पर्याप्त मात्रा में पानी भर गया है। अधिकारियों के अनुसार, पहले वर्षा का अधिकांश पानी नदी-नालों के माध्यम से बहकर व्यर्थ चला जाता था, लेकिन अब इन जल संरचनाओं के कारण वर्षा जल का संग्रहण होने के साथ उसका भू-जल में पुनर्भरण भी होगा। इससे क्षेत्र में भू-जल स्तर में सुधार होगा तथा कुओं, हैंडपंपों और नलकूपों में जल उपलब्धता लंबे समय तक बनी रहेगी। महाअभियान के तहत जल संरक्षण कार्यों के साथ हजारों ग्रामीण श्रमिकों को उनके गांव में ही रोजगार भी उपलब्ध कराया गया, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली। वहीं कंटूर ट्रेंच बनने से कृषि भूमि में नमी संरक्षण, मिट्टी के कटाव में कमी और जल संचयन क्षमता में वृद्धि होगी। प्रशासन ने बताया कि भविष्य में ऐसी जल संरक्षण संरचनाओं की संख्या और बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक वर्षा जल का संरक्षण किया जा सके। विकासखंड की सभी 62 ग्राम पंचायतों में जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।




### गुण्डरदेही में लबालब हुईं जल संरचनाएं

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में 'जल संरक्षण जनभागीदारी अभियान' के अंतर्गत जनपद पंचायत गुण्डरदेही की सभी 117 ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर जल संरक्षण एवं भू–जल संवर्धन के कार्य कराए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा 'मोर गांव मोर पानी' महा अभियन का शुभारंभ 24 अप्रैल 2026 को किया गया, जिसमें गांवों के पानी को गांव में ही रोकने हेतु प्रेरित किया गया। महाअभियान के तहत 23,575 जल संरक्षण कायोंर् का निर्माण किया गया, जिनमें नवा तरिया, रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं, परकोलेशन टैंक, आजीविका डबरी, चेकडेम एवं ट्रेंच निर्माण पूर्ण करा लिया गया है। मानसून की पहली ही बारिश में इन सभी नव–निर्मित जल संरचनाओं में पानी का भराव होना प्रारंभ हो गया है। विशेष रूप से ट्रेंच, परकोलेशन टैंक, आजीविका डबरी एवं नवा तरिया में पर्याप्त मात्र में जल संग्रहित होने से अभियान की उपयोगिता और प्रभावशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। किसानों को इस अभियान से प्रत्यक्ष एवं

■ 117 ग्राम पंचायतों में 23,575 जल संरक्षण कार्य पूरे, भू-जल संवर्धन और किसानों की सिंचाई को मिलेगा लाभ




दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होंगे। खेतों के आसपास वर्षा जल का अधिकतम संचयन होने से भू–जल स्तर में वृद्धि होगी, रिज टू वेली के आधार पर जनपद पंचायत गुण्डरदेही में तवेरा नाला का पुनरूद्धार किया गया है, जिसमें विभिन्न जल संरचनाओं का निर्माण किया गया। जिससे जल संचयन और भूजल रिचार्ज होगा। ट्रेंच और परकोलेशन टैंकों में पानी रुकने से गांवों के हैंडपंप, नलकूप (बोरवेल), तालाब और नाले रिचार्ज हो रहे हैं। इससे भीषण गर्मी में भी पानी की किल्लत नहीं होगी। आजीविका डबरी और तालाबों में पानी एकत्रित होने से किसानों को खरीफ और रबी दोनों फसलों के लिए भरपूर पानी मिलेगा, जिससे उनकी फसल पैदावार बढ़ेगी तथा उनके आय में वृद्धि होगी। आजीविका डबरियों के माध्यम से किसान न केवल सिंचाई कर पा रहे हैं, बल्कि मछली पालन और सब्जी उत्पादन जैसी गतिविधियों से अपनी आय को दोगुना कर रहे हैं। गांवों के तालाबों और नालों में पानी की उपलब्धता बनी रहने से ग्रामीणों और पशुधनों के लिए निस्तारी की समस्या का हमेशा के लिए समाधान हो गया है। साथ ही जल संरक्षण के माध्यम से कृषि उत्पादन में वृद्धि, सिंचाई लागत में कमी तथा ग्रामीणों की आजीविका को भी मजबूती मिलेगी। जिले में जनभागीदारी से संचालित यह अभियान जल संरक्षण के क्षेत्र में एक अनुकरणीय पहल बनकर उभरा है। ग्रामीणों ने भी श्रमदान एवं सक्रिय सहभागिता के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

प्रथम वर्षा के साथ जल संरचनाओं का भरना इस बात का प्रमाण है कि जिले में किए गए जल संरक्षण कार्य आने वाले समय में जल संकट को कम करने, भू–जल पुनर्भरण बढ़ाने तथा किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जल संरक्षण जन भागीदारी का यह मॉडल गुंडरदेही के किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। पहली बारिश में ही पानी का यह ठहराव आने वाले सुनहरे कल का संकेत है।



### बालोद में 2.36 लाख कंटूर ट्रेंच में बारिश का पानी सहेजा भू-जल पुनर्भरण को मिला बढ़ावा

**बालोद।** जल संरक्षण और भू–जल स्तर को बढ़ाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा 'विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)', अन्य विभागों तथा जनभागीदारी के समन्वय से जिले में 2.36 लाख कंटूर एवं स्टैगर्ड ट्रेंच (खंतियां) का निर्माण किया गया है। मानसून की पहली बारिश के उपरांत ही इन संरचनाओं में पानी भर जाने से जल का संरक्षण एवं भू–जल पुनर्भरण सुनिश्चित हो गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले में 'जल संचय जन भागीदारी अभियान' के अंतर्गत जून 2025 से मई 2026 तक कुल 2,84,917 विभिन्न जल संवर्धन संरचनाओं का निर्माण किया गया। इनमें मुख्य रूप से कंटूर ट्रेंच, तालाब गहरीकरण, तटबंध निर्माण, चेक डैम, सामुदायिक व निजी डबरी, रिचार्ज पिट, सोकपिट, लूज बोल्डर चेकडैम, रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग एवं गैबियन संरचनाएं शामिल हैं। इन पुख्ता प्रबंधों से वर्षा का बहुमूल्य जल बहकर नष्ट होने के विपरीत अब भूमि में समाहित हो रहा है, जिससे जिले के जल स्रोतों में लंबे समय तक पानी की उपलब्धता बनी रहेगी। जल की उपलब्धता बढ़ने से क्षेत्र में पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन एवं अन्य ग्रामीण गतिविधियों सहित स्थानीय अर्थव्यवस्था को बड़ी मजबूती मिलेगी। 'विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025' के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल संरक्षण, पर्यावरणीय स्थिरता तथा ग्रामीण परिसंपत्तियों के सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रें में आजीविका संवर्धन के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। इसी कड़ी में आगामी कार्ययोजना के तहत वर्ष 2026–27 में इस योजनांतर्गत जिले में 31,479 पौधों का रोपण, पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित है।

■ जल संचय जनभागीदारी अभियान के तहत 2.84 लाख से अधिक जल संरक्षण संरचनाओं का हुआ निर्माण

## भाजपा महिला मोर्चा ने 370 महिलाओं को दिया डिजिटल प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा 370 लोगों को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कर उनके सर्टिफिकेट डाउनलोड करवाये गए। राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे इस डिजिटल प्रशिक्षण की शुरुआत पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से हुई थी।

■ प्रमाण पत्र भी किए डाउनलोड

इसे स्मरण पक्ष के रूप में मनाते हुए भाजपा महिला मोर्चा ने 6 जुलाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन तक विभिन्न मंडलों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ मोना टुवानी के नेतृत्व में पूरे जिले भर की महिलाओं ने इस कार्यक्रम को ज़ोर शोर से आयोजित कर, अपनी सहभागिता एवं उत्साह का परिचय दिया है। गुरुर में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार इसमें संभाग प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा शीतल नायक एवं ▶▶| शेष पेज 10 पर

## कोई पात्र परिवार आवास से वंचित न रहे विजय शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




■ पीएम आवास योजना–ग्रामीण में छूटे पात्र हितग्राहियों को शामिल करने की मांग, तकनीकी और सर्वे संबंधी समस्याओं की ओर दिलाया ध्यान

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत कोई भी पात्र परिवार आवास से वंचित न रहे, इसके लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर नई दिल्ली में 28 एवं 29 जून को आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण सम्मेलन के आयोजन के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने अपने पत्र में लिखा कि राष्ट्रीय ग्रामीण सम्मेलन वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन तथा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में चैहान के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उपमुख्यमंत्री ने पत्र में उल्लेख किया कि सम्मेलन के दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी पात्र व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से वंचित नहीं रहेगा। इसी संदर्भ में उन्होंने छत्तीसगढ़ में सामने आई कुछ महत्वपूर्ण व्यावहारिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने बताया कि 24 जून को प्रदेशभर में आयोजित ग्राम सभाओं में आवास प्लस 2.0 की सूची प्रस्तुत की गई, जिसके दौरान कुछ समस्याएं भी सामने आईं, जिसमें सर्वेक्षण के समय कुछ पात्र व्यक्ति पलायन अथवा अन्य कारणों से उपलब्ध नहीं हो सके, जिसके कारण उनका सर्वे नहीं हो पाया और उनका नाम पात्रता सूची में शामिल नहीं हो सका। साथ ही कुछ पात्र परिवारों का सर्वे तो हुआ, लेकिन तकनीकी अथवा अन्य कारणों से उनकी जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो सकी, जिससे ग्राम सभा में उनकी पात्रता प्रदर्शित नहीं हो पाई।

शर्मा ने कहा कि इन दोनों कारणों से प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसे पात्र परिवार आवास स्वी—ति से वंचित ▶▶| शेष पेज 10 पर

## 28 लाख की लागत से बनेगा पंचायत भवन, जनप्रतिनिधियों ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत रमतरा द्वारा ग्राम पंचायत भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 28 लाख की लागत से पंचायत भवन का निर्माण होगा।

■ जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ भूमिपूजन, ग्रामीणों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं मिलेंगी

जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद चद्रिरका गंजीर ने किया। विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर मीना फत्तेलाल साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरूर आनंद शर्मा, महामंत्री भाजपा मंडल गुरूर लिखेश्वर साहू, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल गुरूर धर्मेन्द्र कुमार साहू, शक्ति केन्द्र संयोजक सुर्रा रविन्द्र कुमार साहू, बुथ अध्यक्ष रमतरा नीलकंठ साहू, बुथ अध्यक्ष रमतरा चेतन ठाकुर व सरपंच ग्राम पंचायत रमतरा संतोशी कन्हैया निर्मलकर उपस्थित थे।

### कृषि विज्ञान केंद्र के मार्गदर्शन में डौंडीलोहारा के किसान ने अपनाई वैज्ञानिक खेती

# धान छोड़ सूरजमुखी की खेती से किसान को मिला बेहतर लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में फसल विविधीकरण और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में चलाए जा रहे क्लस्टर फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन तिलहन कार्यक्रम के अंतर्गत सूरजमुखी की खेती का सफल प्रदर्शन किया गया है।

बालोद जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम अचैद के प्रगतिशील कृषक वीरेन्द्र ने परंपरागत ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर पहली बार वैज्ञानिक पद्धति से सूरजमुखी की खेती अपनाकर बेहतरीन उत्पादन और उल्लेखनीय लाभ प्राप्त किया है। यह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन कार्यक्रम किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रभावी हस्तांतरण, फसल चक्र परिवर्तन तथा लघु एवं सीमांत कृषकों की आर्थिक स्थिति को सु–ढ़ बनाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। कृषक वीरेन्द्र पूर्व में अपने खेतों में लगातार ग्रीष्मकालीन धान की खेती कर रहे थे। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग, फसल चक्र के अभाव तथा भूमि में जैविक पदाथोंर् की कमी के कारण उनके खेत की मिट्टी (मृदा) के स्वास्थ्य में निरंतर गिरावट आ रही थी। इन कारणों से मृदा में मुख्य पोषक तत्वों की कमी, मिट्टी की संरचना का ह्रास तथा फसलों में कीट एवं रोगों का प्रकोप बढ़ गया था, जिससे उनका उत्पादन लगातार प्रभावित और अस्थिर हो रहा था। कृषक की इस समस्या को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र बालोद द्वारा सीएफएलडी तिलहन कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों के लिए विशेष उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से वैज्ञानिकों ने किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले कम पानी और उच्च मूल्य वाली उन्नत किस्म केबीएसएच 78 के सूरजमुखी की खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया। कृषि वैज्ञानिकों के सीधे मार्गदर्शन में खेत स्तर पर आधुनिक कृषि तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिससे कृषक वीरेन्द्र को उन्नत मृदा प्रबंधन, कतार बुवाई, समेकित पोषक तत्व प्रबंधन तथा उचित पौध संरक्षण का आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्राप्त हुआ। वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने से कृषक के खेत में सूरजमुखी का उत्कृष्ट उत्पादन हुआ। सफलता के प्रमुख तकनीकी बिंदुओं में उन्नत किस्म केबीएसएच 78 की सहनशीलता, प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों में भी इस किस्म ने अपनी उच्च अनुकूलन क्षमता एवं सहनशीलता का परिचय दिया। समेकित पोषक तत्व व सिंचाई प्रबंधन, संतुलित खाद–उर्वरक उपयोग से फसल की तीव्र व स्वस्थ वृद्धि हुई तथा समय पर उचित सिंचाई से उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी हुई। प्रभावी खरपतवार व पौध संरक्षण से सही समय पर रासायनिक खरपतवार नियंत्रण और कीट–रोग प्रबंधन के उपाय अपनाने से फसल पूरे सीजन स्वस्थ रही तथा कीटों से होने वाली क्षति न्यूनतम रही। इसके साथ ही टिकाऊ कृषि और आजीविका संवर्धन को बढ़ावा मिला।

■ बालोद में सफल रहा सीएफएलडी तिलहन प्रदर्शन

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सीएफएलडी तिलहन कार्यक्रम के तहत आयोजित इन प्रदर्शनों ने किसानों को धान के बदले सूरजमुखी जैसी लाभकारी तिलहन फसलें अपनाने के लिए सफलतापूर्वक प्रेरित किया है। इस परिवर्तन से किसानों को न केवल बेहतर वित्तीय लाभ मिल रहा है, बल्कि उनकी आजीविका में सुधार हुआ है। इसके साथ ही, धान के बदले सूरजमुखी की खेती से जिले में टिकाऊ कृषि प्रणाली को बढ़ावा मिला है, जिससे भूमि का स्वास्थ्य सुधर रहा है और बहुमूल्य भू–जल जैसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में बड़ी सहायता मिल रही है।

## आलबरस में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्राम पंचायत का मोर्चा, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा




जनपद पंचायत दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत आलबरस में अवैध शराब की बिक्री से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। गांव में लगातार हो रही इस गतिविधि को लेकर ग्राम पंचायत ने सख्त रुख अपनाते हुए थाना प्रभारी अण्डा (जिला दुर्ग) को लिखित शिकायत सौंपकर अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

■ ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई और नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की, आबकारी विभाग को भी भेजी शिकायत

पंचायत द्वारा दिए गए शिकायत पत्र में बताया गया है कि गांव के कुछ लोग लंबे समय से अवैध रूप से शराब बेचने का कार्य कर रहे हैं। इसके चलते गांव का माहौल खराब हो रहा है और आम नागरिकों, महिलाओं तथा युवाओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब के कारण आए दिन विवाद की स्थिति बनती है, जिससे गांव की शांति और सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है।

पंचायत ने यह भी उल्लेख किया है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों को पहले भी कई बार समझाइश दी गई तथा थाना स्तर पर शिकायतें भी की गई थीं। इसके बावजूद संबंधित लोगों ने अपनी गतिविधियां बंद नहीं कीं और अवैध शराब की बिक्री लगातार जारी है।

ग्राम पंचायत ने थाना प्रभारी से गांव में नियमित पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि गांव में शांति और ▶▶| शेष पेज 10 पर

# डीएमएफ के निर्माण कार्य समय पर पूरा करें, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## जिला खनिज न्यास निधि से स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर बालोद जिले में सत्र 2024–25 एवं 2025–26 में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर कार्यों का सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत विकासखण्डवार स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के चयनित ग्रामों में हाईमास्ट लाईट लगाने के कार्य, आदिवासी छात्रवासों में ओपन जिम निर्माण तथा बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही में पुलिया निर्माण एवं ग्राम परेंगुड़ा में मुक्तिधाम निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य तथा जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली में प्रतीक्षा कक्ष निर्माण आदि विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी में स्थित वृद्धाश्रम में आहता निर्माण तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम हितेकसा में महिला स्व सहायता समूह द्वारा सेनेटरी पैड निर्माण के कार्य एवं ग्राम बैहाकुंआ में गली कांक्रिटीकरण कार्य के अलावा विकासखण्डवार निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। मिश्रा ने अधिकारियों को निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी निर्माण पोर्टल में फोटोग्राफ सहित अनिवार्य रूप से अपलोड करने के भी निर्देश दिए।

### वर्षों पुराने जल संकट का होगा स्थायी समाधान, प्यासे गांवों को मिलेगी नई जिंदगी

# सिर्री मल्टी विलेज स्कीम से बुझेगी कुरूद क्षेत्र के 84 गांवों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

ग्रामीण अंचल में सुरक्षित एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के कुरूद विकासखंड में लगभग 130.40 करोड़ रुपये की लागत से सिर्री मल्टी विलेज स्कीम (एमवीएस) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना पूर्ण होने के बाद कुरूद ब्लॉक के 84 गांवों के 29,793 परिवारों तक घर-घर नल के माध्यम से शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाएगी।

कुरूद क्षेत्र लंबे समय से गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से जूझता रहा है। भूजल स्तर लगातार नीचे जाने और कई हैंडपंपों के सूख जाने से ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए प्रतिदिन कठिन परिश्रम करना पड़ता था। सिर्री मल्टी विलेज स्कीम इस समस्या का स्थायी समाधान प्रस्तुत करेगी और क्षेत्र के हजारों परिवारों को वर्षभर नियमित पेयजल उपलब्ध कराएगी।

कुरूद विकासखंड भूजल की दृष्टि से सेमी-क्रिटिकल जोन में शामिल है, जहां भूजल का अत्यधिक दोहन भविष्य के लिए चिंता का विषय बन चुका है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए इस योजना में भूजल के स्थान पर नहर के सतही जल का उपयोग किया जा रहा है। इससे भूजल पर निर्भरता कम होगी, जल स्त्रोतों का संरक्षण होगा तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

योजना को सुचारू संचालन एवं समान जल वितरण के लिए चार जोन में विभाजित किया गया है। कुल 84 गांवों के 29,793 परिवार इस योजना से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे।

सिर्री मल्टी विलेज स्कीम के पूर्ण होने के बाद हजारों परिवारों को घर के निकट ही सुरक्षित पेयजल उपलब्ध होगा। इससे महिलाओं और बच्चों का समय एवं श्रम बचेगा, जलजनित रोगों में कमी आएगी, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य स्तर में सुधार होगा तथा ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## सेमी-क्रिटिकल भूजल क्षेत्र के लिए दूरदर्शी पहल



### वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीक से होगी जलापूर्ति

योजना के तहत नहर से कच्चा पानी दंडेसरा स्थित सम्पवेल तक लाया जाएगा। यहां निर्मित होने वाले आधुनिक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) में पानी का वैज्ञानिक तरीके से शुद्धीकरण किया जाएगा। इसके बाद पानी को मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर (एमबीआर) में संग्रहित कर पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से गांवों और प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा।

### मेघा मल्टी विलेज स्कीम भी जल्द होगी शुरू

जल जीवन मिशन अंतर्गत मगरलोड विकासखंड के लिए मेघा मल्टी विलेज स्कीम की तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं। इस परियोजना के माध्यम से 59 गांवों को जोड़ा जाएगा तथा पारसाबुड़ा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं तीन मास्टर बैलेंसिंग रिजर्वायर स्थापित किए जाएंगे। प्रशासकीय स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद इसका निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। सिर्री एवं मेघा दोनों मल्टी विलेज स्कीम के पूर्ण होने पर कुरूद एवं मगरलोड विकासखंड के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में सतही जल आधारित, सुरक्षित, टिकाऊ एवं आधुनिक पेयजल व्यवस्था स्थापित होगी।

# सर्व आदिवासी समाज भवन में बोर खनन एवं शौचालय निर्माण हेतु हुआ भूमिपूजन

- अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा की त्वरित पहल से वर्षों पुरानी समस्या का होगा समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 13 स्थित सर्व आदिवासी समाज भवन में पेयजल एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव को दूर करने की दिशा में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा की पहल पर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। समाज भवन परिसर में बोर खनन कार्य पूर्ण होने के साथ ही शौचालय निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ।

रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष उमेश देव, हृदय नाग, नरेश छेदहिया, आर.एल. देव, संतोष गंगेश युवा प्रभाग अध्यक्ष संतराम नेताम, गीतेश्वर ध्रुव सहित समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के समक्ष समाज भवन में पानी एवं शौचालय की कमी से होने वाली कठिनाइयों को प्रमुखता से रखा था।

समाजजनों ने बताया कि विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक आयोजनों के दौरान इन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में महिलाओं, बुजुर्गों एवं आगंतुकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

समाज की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपनी अध्यक्ष निधि से 2 लाख की राशि से बोर खनन कार्य की अनुशंसा की, जिसके फलस्वरूप समाज भवन में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो गई।

अधोसंरचना मद से 2 लाख की लागत से शौचालय निर्माण की स्वीकृति दिलाकर निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन भी संपन्न कराया गया। अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक समाज भवन में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। समाज भवन केवल भवन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कृति और परंपराओं के केंद्र होते हैं।

# नकटी बुलडोजर कार्रवाई के बाद फेंसिंग व निगरानी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



नकटी ग्राम में प्रशासन द्वारा की गई बुलडोजर कार्रवाई के बाद अब प्रभावित परिवारों के घरों और आस पास के क्षेत्रें में कांटेदार तार लगाकर फेंसिंग तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी किए जाने की खबर अत्यंत चिंताजनक है। यह स्थिति संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण से अनुचित है।

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद महामंत्री भोजराज साहू ने कहा कि किसी भी नागरिक के पुनर्वास और वैकल्पिक व्यवस्था की समस्या का समाधान संवेदनशीलता एवं संवाद के माध्यम से किया जाना चाहिए। प्रभावित परिवार पहले ही अपने आशियाने और जीवनभर की जमा–पूंजी खोने की पीड़ा झेल रहे हैं। ऐसे समय में सुरक्षा के नाम पर कठोर व्यवस्थाएं लागू करना उनके मानसिक और सामाजिक कष्ट को और बढ़ाने वाला कदम है। कांग्रेस पार्टी लगातार मांग करती रही है कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, आवास, आजीविका और मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सरकार को चाहिए कि वह प्रभावित लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान निकाले तथा किसी भी प्रकार के दमनात्मक रवैये से बचे। कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है और उनकी जायज मांगों के समर्थन में संघर्ष जारी रखेगी।

राज्य सरकार से आग्रह है कि तत्काल प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की स्पष्ट कार्ययोजना सार्वजनिक करे तथा उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाए।

## सीजी बोर्ड की द्वितीय मुख्य परीक्षा आज से

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की द्वितीय मुख्य परीक्षा 8 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित होगी। जिले में परीक्षा के लिए 10 केंद्र बनाए गए हैं, जहां कक्षा 10वीं और 12वीं के कुल 3422 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा प्रश्नपत्र संबंधित केंद्रों तक सुरक्षित पहुंचा दिए गए हैं।

12वीं की परीक्षा 8 जुलाई को हिन्दी विषय से शुरू होगी। इसके बाद 10 जुलाई को अंग्रेजी, 11 जुलाई को संस्कृत, 13 जुलाई को इतिहास, 15 जुलाई को भूगोल एवं भौतिक शास्त्र, 16 जुलाई को समाजशास्त्र, 17 जुलाई को राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखाशास्त्र एवं शरीर क्रिया विज्ञान, 18 जुलाई को मनोविज्ञान, 20 जुलाई को व्यावसायिक विषय, 21 जुलाई को गणित, कम्प्यूटर एवं गृहविज्ञान तथा 22 जुलाई को जीव विज्ञान और अर्थशास्त्र की परीक्षा होगी। 10वीं की परीक्षा 9 जुलाई को गणित विषय से प्रारंभ होगी। इसके बाद 14 जुलाई को अंग्रेजी, 16 जुलाई को विज्ञान, 18 जुलाई को सामाजिक विज्ञान तथा 20 जुलाई को तृतीय भाषा संस्कृत की परीक्षा आयोजित की जाएगी।जिले में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, नत्थूजी जगताप नगर निगम विद्यालय, स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम हटकेशर, शासकीय कन्या विद्यालय कुरूद, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कुरूद, स्वामी आत्मानंद भखारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी, स्वामी आत्मानंद भैंसमुंडी मगरलोड, स्वामी आत्मानंद श्रृंगीऋषि नगरी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव नगरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

इन केंद्रों में 10वीं के 2014 तथा 12वीं के 1408 सहित कुल 3422 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। प्राचार्य बी. मैथ्यू ने बताया कि द्वितीय मुख्य परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है जो मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे, पूरक श्रेणी में हैं, अंक सुधार करना चाहते हैं या किसी कारणवश पहली परीक्षा में शामिल नहीं हो सके थे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

## पेज 9 का शेष

### कोई पात्र परिवार आवास ...

रह गए हैं, जो वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभ के हकदार हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि इन समस्याओं के समाधान हेतु भारत सरकार स्तर पर आवश्यक निर्णय एवं पहल की जाए, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभी पात्र परिवारों को आवास के संकल्प को पूर्ण रूप से साकार किया जा सके। अंत में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के प्रति शिवराज सिंह चौहान के निरंतर मार्गदर्शन, सहयोग के लिए उनका पुनः आभार व्यक्त किया है।

### भाजपा महिला मोर्चा ने ...

जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश शाश्वत का आगमन हुआ एवं उनके द्वारा प्रशिक्षण देकर महिलाओं को भाजपा की रीति नीति एवं पार्टी के इतिहास की जानकारी दी गई। डॉ मोना टुवानी ने करहीभदर मंडल में प्रशिक्षण लिया, महामंत्री चंद्रिका गंजीर एवं संगीता साहू ने कुसुमकसा में प्रशिक्षण लिया। साथ ही रेणुका गजेंद्र ने पुरूर में, लक्ष्मी साहू ने सनौद में, आमीन साहू ने गुंडरदेही में महिलाओं का प्रशिक्षण लिया। साथ ही सभी जिले की महिला मोर्चा पदाधिकारी गण ने भाजपा महिला मोर्चा मंडल बालोद में भी प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर अपनी सहभागिता दी।

### आलबरस में अवैध शराब ...

कानून व्यवस्था बनी रहे। इस संबंध में पंचायत द्वारा भेजे गए शिकायत पत्र की एक प्रतिलिपि सहायक आयुक्त, आबकारी विभाग, दुर्ग को भी आवश्यक कार्रवाई एवं जानकारी के लिए प्रेषित की गई है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर मामले को प्राथमिकता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करेगा, जिससे ग्राम आलबरस में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लग सके और गांव का शांतिपूर्ण वातावरण फिर से बहाल हो सके।

## गांजा तस्करों को दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास

**धमतरी।** एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में पुलिस की प्रभावी मॉनिटरिंग, वैज्ञानिक विवेचना एवं मजबूत साक्ष्य प्रस्तुतिकरण से न्यायालय ने दो गांजा तस्कर को दस-दस साल की कठोर सजा व 1-1 लाख रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उल्लेखनीय है कि बोराई पुलिस द्वारा 9 जनवरी 2024 को थाना के सामने जांच नाका पर वाहन चेकिंग के दौरान उड़ीसा की ओर से आ रही मारूति कार क्रमांक एमपी 20 एफएक्स 2513 को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली गई। इस दौरान कार की डिक्की एवं बीच की सीट में रखी तीन प्लास्टिक बोरियों से 53 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। कार में सवार तोषण विश्वकर्मा उर्फ राजा उम्र 32 वर्ष निवासी जिला सतना मप्र तथा विजय विश्वकर्मा उम्र 36 वर्ष जिला रींवा मप्र निवासी उक्त गांजा के परिवहन एवं वाहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

## खबर संक्षेप



### सरदार पटेल की जयंती पर किया पौधारोपण

**कोरर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार 7 जुलाई को पुलिस थाना कोरर परिसर में पौधारोपण करते हुए पौधे लगाने का संदेश दिया। अतिथियों ने पौधारोपण कर पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, एसडीओपी मोहसिन खान, जिला पंचायत सदस्य झरना हेमंत ध्रुव, कोरर सरपंच केबी ठाकुर, पीयूष कश्यप, शंकर यादव, नरेंद्र शर्मा, थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण नामदेव, उप निरीक्षक छत्रपाल साहू सहित थाना स्टाफ एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अब धान खरीदी के लिए पंजीयन अक्टूबर तक



**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसान पंजीयन की प्रक्रिया 1 जुलाई से शुरू होकर 31 अक्टूबर तक चलेगी। इस दौरान नए किसानों का पंजीयन, खसरा मैपिंग, बैंक विवरण संशोधन, अधिया-रेगहा के लिए नॉमिनी पंजीयन तथा वनाधिकार पट्टाधारी, डूबान कृषकों, संस्थागत एवं ट्रस्ट का पंजीयन किया जाएगा। नॉमिनी संशोधन धान खरीदी अवधि तक होगा, जबकि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से फसल प्रविष्टि 15 से 31 अगस्त तक की जाएगी। वर्ष 2025-26 के पंजीकृत किसान इस वर्ष भी स्वतः पंजीकृत माने जाएंगे।

### कुरना के विद्यालय में कराया न्योता भोजन

**कांकेर।** ग्राम कुरना में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अहिल्याबाई साहू एवं उनके पति पेखनलाल साहू ने अपने स्वर्गीय ससुर की प्रथम पुण्यतिथि पर सेवा और संस्कार का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बालवाड़ी, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के लगभग 70 विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों के लिए न्यौता भोजन का आयोजन किया। सभी ने एक साथ बैठकर प्रेमपूर्वक भोजन ग्रहण किया। माशा के प्रधान पाठक जीवनलाल कुंजाम ने इस पहल को सामाजिक समरसता और संस्कारों को बढ़ावा देने वाला बताया।

### घायल की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत बड़ेपारा सिंगारभाट निवासी 39 वर्षीय सुनिल कुमार उइके पिता स्व. रतउराम उइके का 6 जुलाई को मौत हो गया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था, इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### चरणदास महंत ने विकास और जनसरोकारों को दी प्राथमिकता

**नगरी।** छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का सिहावा विधायक अंबिका मरकाम के निवास पर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर तथा पूर्व विधायक विनय जायसवाल भी उपस्थित थे। मुलाकात के दौरान क्षेत्र के समग्र विकास, जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा सिहावा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई। विधायक अंबिका मरकाम ने क्षेत्र की आवश्यकताओं, विकास कार्यों और जनाकांक्षाओं से नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को अवगत कराया तथा विधानसभा में क्षेत्र की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने क्षेत्र के विकास एवं जनसरोकार के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाने तथा कांग्रेस पार्टी को जन-जन से जोड़कर जनता के हितों की लड़ाई को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया।

## अंचल की खबरें

### शाला प्रवेशोत्सव पर बच्चों का मुंह मीठा कराया



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बिरेतरा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रधान पाठिका सीमा सेन, अमिता साहू , दामिनी साहू, संदीप नायक ने ऋषि परंपरा को याद करते हुए विद्यारंभ संस्कार किया। दीपयज्ञ गायत्री परिवार के कौशल प्रसाद साहू, श्रीमती लक्ष्मी साहू द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। मौके पर शाला समिति के सदस्य समेत पालकगण उपस्थित थे।

### शहर कांग्रेस कमेटी ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



**धमतरी।** भारी बारिश के बीच शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी, जिला महामंत्री विक्रांत पवार ने बताया कि जिला अस्पताल में कई समस्याएं देखने को मिली है। छत से पानी टपक रहा है। अस्पताल में 21 विशेषज्ञ डॉक्टर होने चाहिए। 7 ही विशेषज्ञ डॉक्टर है। सर्जिकल विशेषज्ञ, मेडिकल विशेषज्ञ, नाक कान गला विशेषज्ञ की कमी मरीजों को खल रही है। इतने बड़े अस्पताल में एक इमर्जेंसी डॉक्टर का होना अस्पताल की कलई खोल रहा है। सोनोग्राफी एक्सरे, सीटी स्कैन कक्ष में ताला लगा हुआ था। कांग्रेसियों ने आगे कहा कि अगर 15 दिवस के भीतर जिला अस्पताल की व्यवस्था को सुधारा नहीं गया तो वे मुख्य जिला चिकित्सालय अधिकारी का घेराव करेंगे। मौके पर गीतराम सिन्हा, हितेश गंगवीर, वीरू महाजन, भागी ध्रुव, शंकर माखीजा, यश राजपूत , नवीन सिन्हा, खिझर खान मौजूद थे।

### छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण



**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल में पात्र छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रविकांत साहू, उपाध्यक्ष लक्ष्मी ढीमर, जनपद सदस्य दिनेश्वरी साहू, सरपंच गिरधर सार्वा, उपसरपंच बसंती साहू सहित समिति के सदस्य मुकेश कुमार कुर्रे, विष्णु चंद्राकर, नारायणसिंह साहू, देवेंद्र कुमार साहू, विष्णुराम निषाद, वासुदेव ढीमर तथा व्याख्यातागण एसके यादव , सुश्री एच. सोनी, व्याख्याता सीएल धीवर, ऋषभ चंद्राकर उपस्थित थे। साइकिल वितरण की संपूर्ण व्यवस्था श्रीमती रामेश्वरी बघेल ने की।

### गोपालपुरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव के साथ गणवेश बंटा



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती धनेश्वरी साहू की अनुपस्थिति में जिला पंचायत प्रतिनिधि भूमेश साहू उपस्थित हुए। अध्यक्षता विकास समिति के अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने की। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू, सरपंच कुंती देवदास, गजेंद्र देवांगन, मेवालाल साहू, त्रिलोचन साहू, दीनदयाल साहू संतोषी साहू, जानकी साहू, सेवाराम पटेल भी मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कक्षा पहली, 6वीं, 9वीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाक स्वागत किया गया। कक्षा 10 वीं एवं 12वीं में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, शील्ड देकर सम्मानित किया गया। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को गणवेश प्रदान किया गया। प्राचार्य ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए छात्रों से पूरी लगन के साथ अध्ययन कर बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया। अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा पौधरोपण किया गया।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुई विशेष पूजा-अर्चना एवं भंडारा



**धमतरी।** बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर एवं प्रख्यात हनुमान भक्त पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार को धमतरी के पुराना बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सनातन प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार, राष्ट्र जागरण तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन से लाखों लोग आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित हुए हैं तथा राष्ट्र एवं समाज के प्रति जागरूक बन रहे हैं। इस अवसर पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी खेमराज तिवारी, सूरज शर्मा, ऋषभ जैन, सुमित चावला, पंकज लालवानी, विकास शर्मा, दिलीप पटेल, तन्मय सोनी, आदर्श तिवारी, कार्तिक जैन, अभिषेक कोटवानी, अमित देवानी, दिनेश पाहूजा, आकाश भोजवानी, अक्षय सचदेव, योगेश सोनी सहित बड़ी संख्या में सनातन प्रेमी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरडुला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पाठ्य सामग्री प्रदान कर नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### बालोद में निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण तेज

**बालोद।** बालोद जिले के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए स्कूली बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण एवं उनकी ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य पूरी तेजी से किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में 12 मई से डिपो के माध्यम से शासकीय स्कूलों और संकुलों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण निरंतर किया जा रहा है। डिपो से पुस्तकें प्राप्त होने के पश्चात संबंधित स्कूलों द्वारा मोबाइल ऐप के माध्यम से पुस्तकों की ऑनलाइन स्कैनिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि 06 जुलाई की स्थिति में डिपो द्वारा कुल 4,89,464 पाठ्यपुस्तकें प्राप्त हुई हैं। इनमें से अब तक 4,18,599 पाठ्यपुस्तकों की मोबाइल ऐप के माध्यम से सफलतापूर्वक स्कैनिंग की जा चुकी है, जो कि कुल प्राप्त पुस्तकों का 85.52 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि कुछ विद्यालयों में छात्र संख्या से अधिक पुस्तकें हैं। शासन के निर्देशानुसार ऐसी पुस्तकों की स्कैनिंग न कर उन्हें अन्य विद्यालयों में जहाँ पुस्तकों की कमी है, में समायोजित किया जा रहा है। जिससे वास्तविक पुस्तक संख्या से स्कैन्ड पुस्तकों की संख्या स्वाभाविक रूप से कम प्रदर्शित हो रही। उन्होंने बताया कि डिपो द्वारा प्राप्त पुस्तकों की स्कैनिंग एवं स्कैनिंग पश्चात बच्चों को वितरण की कार्यवाही तीव्रता से की जा रही है। अधिकतर बच्चों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करा दी गई है। जल्द ही सभी विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों का समुचित वितरण एवं स्कैनिंग का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### स्नातक प्रथम सेमेस्टर की प्रथम मेरिट सूची जारी

**डौंडीलोहारा।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी गई है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार बी.ए., बी.कॉम तथा बी.एससी. (बायोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी एवं गणित) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 16 जून से 5 जुलाई 2026 तक प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर प्रथम मेरिट सूची तैयार की गई है। महाविद्यालय द्वारा जारी मेरिट सूची को सूचना पटल पर चस्पा करने के साथ ही महाविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी, सभी मूल दस्तावेज, उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियां तथा निर्धारित प्रवेश शुल्क के साथ 15 जुलाई 2026 तक महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। महाविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों का प्रथम मेरिट सूची में दावा स्वतः समाप्त माना जाएगा। इसके लिए संबंधित छात्र-छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा संस्था की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

**बैठक : कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

# वन महोत्सव की तैयारियों में जुटा प्रशासन, 13 को 'मिशन अंकुर' के तहत होगा सीड बॉल रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अधिकारियों की बैठक लेकर वनमहोत्सव के अवसर पर जिले में वृहद पौधारोपण अभियान के तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को वृहद पौधारोपण कार्य में समाज के सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कर अधिक से अधिक पौधरोपण करने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला प्रशासन द्वारा मिशन अंकुर के अंतर्गत आगामी 13 जुलाई को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गुजरा के ग्राम पंडवाल में सीड बॉल रोपण हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी जानकारी दी। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से वन महोत्सव के दौरान आयोजित वृहद पौधारोपण अभियान के अवसर पर अधिक से अधिक पौधरोपण हेतु पौधों की उपलब्धता एवं ट्रेंच निर्माण आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

उन्होंने इस कार्य में महिला एवं ग्रीन कमाण्डो, एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में वन महोत्सव के आयोजन की तिथि शीघ्र ही निर्धारित किया जाएगा। मिश्रा ने बालोद जिले को हरा–भरा बनाने जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई मिशन अंकुर के संबंध में भी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के गुजरा ग्राम पंचायत के ग्राम पंडवाल में आगामी 13 जुलाई को सीड बॉल रोपण हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंडवाल सहित सीड बॉल रोपण हेतु जिले के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए कुल 02 लाख 39 हजार सीपीटी ट्रेंच पर सीड बॉल का रोपण किया जाएगा। इस दौरान सीड बॉल को सीपीटी ट्रेंच के दोनों किनारों में फैले मिट्टी में दबाकर इसका रोपण किया जाएगा। कलेक्टर मिश्रा ने मिशन अंकुर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सीड बॉल मिट्टी, खाद और विभिन्न उपयोगी वृक्षों के बीजों को मिलाकर बनाई गई एक छोटी सी गेंद होती है। इसे रोपने के लिए गड्ढा खोदने की आवश्यकता नहीं होती। इसे हाई ट्रेंच, जंगल, खाली जमीनों, पहाड़ियों या बंजर इलाकों में फेंक दिया जाता है। मानसून की बारिश पड़ते ही यह अंकुरित होकर एक पौधे का रूप ले लेती है। मिशन अंकुर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए स्थानीय प्रजातियां जैसे– नीम, पीपल, बरगद, मुनगा, करंज, कटहल, इमली आदि के बीजो का उपयोग कर सीड बॉल का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को 13 जुलाई को मिशन अंकुर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## चिनार परिसर का सार्वजनिक प्रसाधन की गंदगी और बदबू से परेशान



**बालोद।** भारी भरकम टैक्स व किराया वसुलने वाला नगर पालिका प्रशासन आम नागरिको को मूलभूत सुविधाएं देने में नाकाम दिख रही है। नगर के हृदय स्थल व व्यस्ततम क्षेत्र सदर रोड़ स्थित चिनार परिसर में प्रसाधन की व्यवस्था आज भी दयनीय है।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा सालो पूर्व गार्डन को तोड़कर व्यवसायिक परिसर बनाया गया था, यहां स्थित प्रसाधन कक्ष नगर पालिका की कार्यशली पर सवालिया निशान लगा रही है, प्रसाधन कक्ष की स्थिति ऐसी है कि प्रसाधन का गंदा पानी प्रसाधन के प्रवेश द्वारा के पास तक फैला रहता है, बदबू एवं गंदगी से क्षेत्र के दुकानदार परेशान रहते है। कहने को यहां महिला एवं पुरुष दोनो के लिए पृथक पृथक व्यवस्था की गई है, लेकिन महिला प्रसाधन में जाना एक बड़ी चुनौती है, क्योकि वहां तक जाने के पहले बदबू, गंदगी एवं प्रसाधन के गंदे पानी को पार कर वहां तक जाना होगा, जो कि किसी सजा से कम नही है। यही कारण है कि महिलाएं उस प्रसाधन का उपयोग करती ही नही। पुरुष प्रसाधन की स्थिति भी दयनीय है यहां भी गंदगी व बदबू फैला हुआ है। शौचालय तो यहां का टूट चुका है, जो किसी उपयोग के लायक नही है, मूत्रालय का उपयोग करना क्षेत्र के लोगों की मजबूरी है, क्योकि आस पास में कोई दूसरी सुविधा ही नही है। जो सुविधा है वह इतनी अधिक दूर है कि दुकान छोड़कर जाना मुश्किल है, जिससे मजबूरी में उसका उपयोग दुकानदार व नागरिक करते है। यह स्थिति लंबे समय से है। नगर पालिका में प्रशासक एवं शासक बदलते रहे, क्षेत्रवासी सबके पास जाकर अपनी समस्या बताते रहे लेकिन कभी किसी ने समस्या का स्थाई समाधान नही किया। क्षेत्रवासियो ने आरोप लगाया कि कई बार कहने पर सफाई के नाम पर पावडर छिड़कर चले जाते है। वर्तमान में प्रसाधन कक्ष की स्थिति ऐसी है कि उसे पूरी तरह से मरम्मत कर नई स्वरूप में बनाया जाना चाहिए एवं पानी निकासी की सुगम व्यवस्था की आवश्यकता है।

# 5 साल बाद भी अधूरा सार्वजनिक शौचालय

**जगतरा में 3.50 लाख की परियोजना पर उठे सवाल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- दूसरी किस्त जारी, लेकिन शौचालय में चार साल से लटका है ताला; जांच कराई जाएगी : सीईओ

ग्राम पंचायत जगतरा में स्वीकृत सार्वजनिक शौचालय स्वीकृति के 5 साल बाद भी पूरा नही बन सका। पंचायत बदल गई, लेकिन शौचालय की किस्मत नही बदली। जबकि शौचालय की दूसरी किस्त जारी होने की बात कही जा रही है।

सत्र 2020–21 में ग्राम पंचायत जगतरा में विभिन्न मद से कुल 3.50 लाख स्वीकृत हुए थे। कार्य स्थल पर निर्मित सूचना बोर्ड के अनुसार कार्य 29 मार्च 2021 को प्रारंभ हुआ, जिसकी पूर्णता तिथि आज तक बोर्ड में अंकित नही है। कार्य ग्राम पंचायत जगतरा द्वारा कराया गया है कार्य के लिए एसबीएम से 2.10 लाख, 15वें वित्त से 90 हजार एवं मनरेगा से 50 हजार स्वीकृत हुए है। जनपद से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्य पूर्ण हो चुका है, क्योकि उसकी दूसरी किस्त भी जारी हो चुकी है।

शौचालय ग्राम पंचायत भवन के ठीक सामने बनाया गया है। बताया गया है कि शौचालय का ताला बीते 4 सालो से नही खुला। ग्रामीणो ने बताया कि शौचालय की टंकी आज तक नही बनी है। रनिंग वॉटर की भी व्यवस्था नही हुई। शौचालय के अंदर भी सेनेटरी के कार्य नही होने का दावा किया जा रहा है। चूंकि शौचालय में बीते 4 सालो से अधिक समय से ताला लगा हुआ है जिससे अंदर क्या स्थिति है कोई नही जानता, उसकी चाबी किसके पास है यह भी किसी को नही पता। तालो में जंग लग चुके है। जगतरा ग्राम पंचायत सरपंच मंगल सिंह मंडावी ने कहा कार्य पूर्व सरपंच कार्यकाल का है। हमने उसमें कोई कार्य नही कराया है। शौचालय अधूरा है इसका उपयोग कभी भी ग्रामीणो द्वारा नही किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद बालोद जेएस राजपूत ने कहा आपके माध्यम से जानकारी मिली है। मामले में जांच कराई जाएगी, यदि अधुरा होगा तो पूर्ण कराया जाएगा।

### राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन 27 तक

**धमतरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं एवं पात्र संगठन निर्धारित अवधि के भीतर अपना नामांकन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण विभाग धमतरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया 1 जून से 27 जुलाई तक संचालित की जा रही है। इच्छुक आवेदक भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। विभागीय अधिकारी ने बताया कि नामांकन के साथ आवश्यक दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपलोड करना अनिवार्य होगा।

# अरजपुरी हायर सेकेण्ड्री स्कूल में स्वागत उत्सव

- नव प्रवेशी बच्चों को किया गया सम्मानित



**डौण्डीलोहारा।** वनांचल के अरजपुरी हायर सेकेण्ड्री स्कूल प्रांगण में नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक के नव प्रवेशी बच्चों, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, गणवेश, किताब एवं सायकल वितरण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा फूल माला, गुलाल एवं चंदन लगाकर पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गणेश राम रात्रे, अध्यक्ष दिलीप कुमार बघेल, विशेष अतिथि कमलबन गोस्वामी, किम्मन ठाकुर, गैंदसिंह मंडावी, केसर सिंह नेताम, फागु मंडावी, गोलू ठाकुर, गणेश टांडिया, उप सरपंच चमेली बगमरिया, डेमिन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित रहे। हायर सेकेण्ड्री स्कूल के प्रिंसिपल पिंकेश्वर, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक गोरे, प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक तिवारी, संकुल प्रभारी साहू, मंच संचालक साहू एवं मनोज सहित सभी संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अध्यक्षीय भाषण के पश्चात प्राचार्य पिंकेश्वर ने पिछले सत्र की उपलब्धियों एवं वर्तमान सत्र की नई कार्य योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को अनुशासन और मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। अंत में मुख्य अतिथि गणेश राम रात्रे के आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने दी।

# पहली बारिश में ढही नई नाली, बेलौदी-अरमरीकला सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

- 2.80 करोड़ की पीएमजीएसवाई सड़क का कार्य धीमा, कीचड़ से छात्र–छात्राएं परेशान; ग्रामीणों ने की जांच की मांग



ग्राम बेलौदी से अरमरीकला के मध्य 5.25 किलोमीटर सड़क का निर्माण विभाग की लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया। कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ठेकेदार अंकित साहू के द्वारा निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी लागत 2 करोड़ 80 लाख है। जिसका कार्य बहुत धीमी गति से एवं विलंब से चालू हुआ। वर्तमान में शिक्षा सत्र 2026 चालू हो गया है, छात्र–छात्राएं बेलौदी एवं अरमरीकला पढ़ने जाते हैं, बरसात के दिनों में सड़क जर्जर होने के कारण कीचड़ अधिक होता है, चलने से साइकिल सवार छात्र छात्राओं के कपड़े में गंदा कीचड़ चले जाने से समय के साथ पढ़ाई प्रभावित होती है जिससे छात्र छात्राएं परेशान है। इधर कार्य की खराब गुणवक्ता के कारण 5 दिन पूर्व बनी लगभग 40 मीटर लंबी पक्की नाली निर्माण वह पहली बरसात में गिर गया, जिससे निर्माण में सवाल गुणवत्ता पर खड़ी हो रही है। ग्रामीणों ने कहा बरसात लगने एवं नल जल योजना के तहत पानी चलने से जमीन सुख नहीं पा रहा है और कच्चे में ही निर्माण करने से एवं गुणवत्ताहीन बनने से यह स्थिति बनी है। ग्रामीणों में कार्य विलंब चालू होने से बहुत ज्यादा नाराजगी है। ग्रामीण नीलमचंद साहू, भगवती नारायण साहू, भारत साहू, खोमन साहू, लीलाधर साहू, गैंदलाल साहू ने बताया जो निर्माण ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है वह गुणवत्ताहीन है। नाली निर्माण एवं कार्य में 200 मीटर सीसी रोड प्रस्तावित है जिसे शासन से मांग करते हैं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए। ग्राम पंचायत सरपंच कुमुदिनी साहू ने बताया नाली निर्माण गुणवत्ताहीन बनाया, जिसके कारण ही 5 दिन पहले बनी और बरसात आते ही गिर गया। संबंधित विभाग के इंजीनियर ने कहा पक्की नाली निर्माण गिरने की जानकारी मिली है जाकर देखूंगा। ठेकेदार ने कहा गुणवत्तापूर्वक निर्माण कराया जा रहा है पानी की वजह से गिरा है, फिर से बनाया जाएगा। बेलौदी बस्ती के अंदर नाली निर्माण होने के बाद 200 मीटर सीसी रोड बनाया जाएगा। जिससे ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी बरसात के कारण थोड़ी बहुत दिक्कतें आएगी उसे समय रहते बना लिया जाएगा।

# बारिश को देखते हुए कृषि विज्ञान केंद्र ने जारी की खरीफ फसलों के लिए एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- समय पर बुवाई, बीजोपचार और अनुशंसित किस्मों के उपयोग की सलाह, किसानों से मौसम के अनुसार कृषि कार्य करने की अपील

कृषि विज्ञान केंद्र बालोद द्वारा जिले के किसानों के लिए मौसम आधारित कृषि परामर्श जारी किया गया है। आगामी दिनों में अधिकांश समय आसमान में बादल छाए रहने तथा हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना को देखते हुए किसानों को खरीफ फसलों की बुवाई एवं अन्य कृषि कार्य वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार करने की सलाह दी गई है।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने कहा है कि समय पर बुवाई, उन्नत किस्मों के प्रमाणित बीजों का उपयोग तथा बीजोपचार जैसी वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों को धान, सोयाबीन, अरहर, मूंगफली एवं मक्का जैसी प्रमुख खरीफ फसलों की उन्नत एवं अनुशंसित किस्मों के प्रमाणित बीजों की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित करने की सलाह दी है। धान की इंद्रावती, एमटीयू–1153, विक्रम टीसीआर एवं छत्तीसगढ़ धान–1919, सोयाबीन की आरएससी–10–46, आरएससी–11–15 एवं आरएससी–11–07, अरहर की छत्तीसगढ़ अरहर–1, छत्तीसगढ़ अरहर–2 एवं राजीवलोचन तथा मक्का एवं मूंग की अनुशंसित किस्मों का चयन करने पर विशेष बल दिया गया है। धान की खेती के संबंध में वैज्ञानिकों ने बताया कि किसान समतल खेत में सीड ड्रिल अथवा अन्य उपयुक्त यंत्रें से लगभग 20 सेंटीमीटर की कतार दूरी रखते हुए बुवाई करें तथा बीज की गहराई 3 से 4 सेंटीमीटर से अधिक न रखें। बुवाई से पूर्व बीजों का नमक घोल, एजोस्पाइरिलम एवं पीएसबी कल्चर से उपचार करना लाभकारी रहेगा। कतार बोनी अपनाने से खरपतवार नियंत्रण आसान होता है तथा फसल 10 से 15 दिन पहले पकती है। निंदानाशकों का छिड़काव केवल मौसम साफ रहने पर ही करने की सलाह दी गई है।

सोयाबीन उत्पादक किसानों को 45 सेंटीमीटर कतार दूरी तथा 7 से 10 सेंटीमीटर पौध दूरी पर बुवाई करने, राइजोबियम एवं पीएसबी कल्चर से बीजोपचार करने तथा संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। इसी प्रकार अरहर की फसल में किस्म के अनुसार 60 से 90 सेंटीमीटर कतार दूरी रखते हुए बुवाई करने तथा बीजोपचार के बाद अनुशंसित मात्र में उर्वरकों का उपयोग करने की सलाह दी गई है। मूंगफली की बुवाई 30 से 40 सेंटीमीटर कतार दूरी एवं 8 से 10 सेंटीमीटर पौध दूरी पर करने तथा ट्राइकोडर्मा, राइजोबियम एवं पीएसबी से बीजोपचार करने की अनुशंसा की गई है। मक्का की फसल में संकर एवं संकुल किस्मों के अनुसार उचित बीज दर, कतार दूरी एवं उर्वरक प्रबंधन अपनाने पर जोर दिया गया है। गन्ना उत्पादक किसानों को सफेद मक्खी की निगरानी करते रहने तथा आवश्यकता होने पर मौसम साफ रहने की स्थिति में अनुशंसित कीटनाशक का छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

उद्यानिकी फसलों के संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र ने वर्षाकालीन सब्जियों जैसे भिंडी, बैंगन, मिर्च, खीरा, लौकी, कद्दू, मूली एवं फूलगोभी की खेती के लिए खेत तैयार करने तथा गुणवत्तायुक्त बीजों की व्यवस्था करने की सलाह दी है। लौकी एवं कुम्हड़ा की पौध पॉलीबैग में तैयार करने तथा करेला एवं बरबट्टी की खेती मेड़–नाली पद्धति से करने की अनुशंसा की गई है। अदरक एवं हल्दी की फसल में मल्चिंग एवं जल निकास की समुचित व्यवस्था तथा पपीता, केला, आम, अमरूद, नींबू एवं अनार जैसी फलदार फसलों में उचित सिंचाई, कटाई–छंटाई एवं रोग प्रबंधन अपनाने की सलाह दी गई है।

पशुपालन के क्षेत्र में वैज्ञानिकों ने किसानों को पशुओं का गलघोटू एवं लंगड़ा बुखार के विरुद्ध समय पर टीकाकरण कराने, दुधारू पशुओं को पर्याप्त मात्र में स्वच्छ पानी, हरा चारा, सूखा चारा एवं मिनरल मिश्रण उपलब्ध कराने तथा नवजात बछड़ों को जन्म के दो घंटे के भीतर खीस पिलाने की सलाह दी है। मुर्गीपालकों को रानीखेत रोग से बचाव हेतु निर्धारित समय पर टीकाकरण कराने के लिए भी कहा गया है।

कृषि विज्ञान केंद्र बालोद के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे मौसम पूर्वानुमान एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जारी सलाह का पालन करते हुए बुवाई, उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण एवं पौध संरक्षण के सभी कार्य मौसम की अनुकूल परिस्थितियों में ही करें।

वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर किसान उत्पादन लागत कम करते हुए अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं तथा खरीफ मौसम में संभावित मौसमीय जोखिमों से अपनी फसलों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर सकते हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ई-वाहनों से बढ़ी स्वच्छता महिलाओं को मिला रोजगार

**बालोद।** ग्रामीण क्षेत्रें में ई–वाहन (ईवी) की उपलब्धता केवल वाहन प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वच्छ भारत मिशन को मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो–दो ईवी गार्बेज रिक्शा उपलब्ध होने से स्व–सहायता समूह की महिलाएं नियमित रूप से घर–घर जाकर गीला एवं सूखा कचरा अलग–अलग एकत्रित कर रही हैं। इससे गांवों में स्वच्छता व्यवस्था सु–ढ़ हुई है तथा महिलाओं को रोजगार एवं आय का माध्यम मिला है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत को 7.60 लाख रूपये की लागत से एक ईवी गार्बेज रिक्शा एवं एक ईवी लोडर वाहन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि यह पूरी खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन, पूर्णतः पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया अपनाते हुए न्यूनतम दर पर की गई है।

### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने बालोद जिले के 17 मंडलों में संयोजक-सहसंयोजकों की घोषणा की

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ बालोद जिला संयोजक गोविंद वाधवानी द्वारा जिले के सभी 17 मंडलों में व्यापार प्रकोष्ठ के मंडल संयोजकों एवं सह–संयोजकों की घोषणा की। जिसमे डौण्डीलोहारा संयोजक देव प्रसाद साहू, सहसंयोजक दर्शन संचेती, रेंगाडबरी संयोजक संतोश गुप्ता, सहसंयोजक जयचंद साहू, कुसुमकसा संयोजक अंकित टाटिया, सहसंयोजक मनीश जेटवानी, दल्लीराजहरा संयोजक मनन गुप्ता, सहसंयोजक पवन सोनी, जुंगेरा संयोजक कमलेश साहू, सहसंयोजक रामेश्वर पटेल, करहीभदर संयोजक ओमप्रकाश साहू, सहसंयोजक खिले"वर शार्वा, मिर्रीटोला संयोजक चिंटू राजा, सहसंयोजक शुभम सालुके, बालोद संयोजक तरूण राठी, सहसंयोजक हरिश दहिया, अर्जुन्दा संयोजक चंदन साहू, सिकोसा संयाजक धरमीचंद जैन, गुरूर संयोजक नंदकिशोर सिन्हा, सहसंयोजक अमर छाबड़िया, ओटेबंद संयोजक किशोर साहू, सहसंयोजक नरेन्द्र चन्द्राकर, सुरेगांव संयोजक अजय देवांगन, सहसंयोजक टेकराम सिन्हा, देवरी संयोजक गजानंद चौधरी, सहसंयोजक जाग्रत देवांगन, सनौद संयोजक ललित चांडक, सहसंयोजक चमपेश गुरूपंच, गुण्डरदेही संयोजक मनीश गुप्ता, डौण्डी संयोजक रूपेश जैन, सहसंयोजक विनय जायसवाल की नियुक्ति की गई है।

### जिला स्तरीय गतका स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**दुर्ग।** जिला क्रीड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को खालसा पब्लिक स्कूल, दुर्ग में जिला स्तरीय गतका खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-17, 19 बालक और बालिका वर्ग की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में जिले के 10 विद्यालयों के लगभग 40 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी आगामी 12 जुलाई को बेमेतरा में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय गतका प्रतियोगिता में दुर्ग जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खालसा पब्लिक स्कूल की उप प्राचार्य मनिंदर सिंह थीं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### तैलचित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रवाद और अखंड भारत के संकल्प को किया याद

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा मंडल ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गुरुर द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के अखंड भारत के संकल्प और उनके ऐतिहासिक त्याग को रेखांकित किया।

जिला उपाध्यक्ष कौशल साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशा प्रकाश साहू ने कहा 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में जन्मे डॉ. मुखर्जी मात्र 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने थे। देश की स्वतंत्रता के बाद, महात्मा गांधी और चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के अनुरोध पर वे देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में उद्योग और आपूर्ति मंत्री के रूप में शामिल हुए।

नेहरू–लियाकत समझौते (1950) के विरोध में, जिसमें पूर्वी पाकिस्तान के हिंदुओं के हितों की अनदेखी की गई थी, डॉ. मुखर्जी ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सहयोग से 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो आज की भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक जननी है। उन्होंने जम्मू–कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 का पुरजोर विरोध किया। उनका नारा था "एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे।" उस समय कश्मीर जाने के लिए परमिट की आवश्यकता पड़ती थी, अपने संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने बिना परमिट के जम्मू–कश्मीर में प्रवेश किया, जहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में हिरासत के दौरान ही उनका महानिर्वाण (निधन) हो गया।

गुरुर मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा ने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का पुंज है। उन्होंने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 को हटाकर भाजपा सरकार ने डॉ. मुखर्जी के उस अधूरे सपने को पूरा किया है। हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलें।






नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक महान शिक्षाविद् और विचारक थे। जब देश विभाजन के दौर से गुजर रहा था, तब पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने में उनकी भूमिका निर्णायक थी। उनका पूरा जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा।

सनौद मंडल के अध्यक्ष खेमलाल देवांगन ने कहा श्यामा प्रसाद ने विपक्ष में रहते हुए भी हमेशा रचनात्मक राजनीति को बढ़ावा दिया। उन्होंने नेहरू सरकार की गलत नीतियों का खुलकर विरोध किया और देश को एक मजबूत राष्ट्रवादी विकल्प (जनसंघ) दिया। आज भाजपा जिस मुकाम पर है, उसकी नींव में डॉ. मुखर्जी का ही त्याग और विचार हैं।

**ये रहे उपस्थित** इस अवसर पर मुख्य रूप से ताम्रध्वज यादव व लिखेश्वर साहू, प्रेम साय कलिहारी, एजाज खान, अजय पारख, जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य तानसिंह देहारी, नगर पंचायत गुरुर के एल्डरमैन चंद्रप्रकाश गांधी, यादराम साहू व रामेश्वर लावत्रे पार्षद गिरधर ठाकुर, मधु जगदल्ले, अनुसूया धुव के साथ हृदय राम सिन्हा, त्रिभुवन भारद्वाज, मधुसूदन सोनवानी, रवि साहू मुरली चौधरी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपाइयों ने किया माल्यार्पण, विचारों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी एवं शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल डौंडी लोहारा के तत्वावधान में सोमवार को अटल चौक (पुराना बस स्टैंड) में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन किया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्रवादी विचारों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता और अखंड भारत के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। कश्मीर में लागू परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुए उन्होंने /"एक देश में दो प्रधान, दो निशान और दो विधान नहीं चलेंगे/" का नारा दिया तथा आंदोलन के दौरान कश्मीर में प्रवेश किया, जहां संदिग्ध परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार करने का कार्य किया गया है। आज जम्मू-कश्मीर में भारत का संविधान पूर्ण रूप से लागू है और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है।कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लता गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं पार्षद सुभद्रा टांडेकर, शोभा राजपूत, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जसराज शर्मा, एल्डरमैन धीरेन्द्र टांक, पूर्व पार्षद प्यारे लाल निषाद, संदीप भंसाली, तुकाराम साहू, आरती संचेती, धीरज जैन, बलदाऊ सेन, दीनू रावत, दिलीप गुजराती, गजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेजस स्कूल दुधली परिसर में किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद के निर्देशानुसार सेजस विद्यालय दुधली परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में दुधली क्षेत्र की जनपद सदस्य कौशल्या रावटे, सरपंच दुधली पिलेश्वरी नेताम, संस्था की प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। साथ ही शाला प्रबंधन समिति के सदस्य इसाक खान, रवि कोमरे,स्काउट मास्टर मिलन सिंह सिन्हा, गाइड कैप्टन वर्षा रानी देवांगन, रेंजर लीडर रेखा ठाकुर, रोवर लीडर रामनारायण राणा एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। सभी ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित वातावरण को बढ़ावा देना रहा।

## एल्डरमेन नियुक्ति में महिलाओं की अनदेखी का आरोप: रतिराम कोसमा

**दल्लीराजहरा।** नगर पालिका दल्ली राजहरा में हाल ही में की गई एल्डरमेन नियुक्तियों को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा के अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने भाजपा सरकार और नगर पालिका प्रशासन पर महिलाओं की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि एल्डरमेन नियुक्ति में एक भी महिला को स्थान नहीं देना भाजपा की महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।



रतिराम कोसमा ने कहा कि भाजपा लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला आरक्षण और महिलाओं के सम्मान की बात करती रही है, लेकिन जब महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने का वास्तविक अवसर आया तो भाजपा अपने ही दावों पर खरी नहीं उतर सकी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और नगर पालिका दल्ली राजहरा में भी भाजपा का ही नियंत्रण है, इसके बावजूद एल्डरमेन नियुक्ति में महिलाओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या दल्ली राजहरा भाजपा में कोई सक्रिय और योग्य महिला कार्यकर्ता नहीं है, या फिर महिलाओं को केवल चुनावी नारों और मंचीय भाषणों तक सीमित रखने की नीति अपनाई जा रही है। उनका कहना है कि यदि भाजपा वास्तव में महिला सशक्तिकरण के प्रति गंभीर होती तो एल्डरमेन नियुक्ति में महिलाओं को उचित और सम्मानजनक प्रतिनिधित्व अवश्य देती। रतिराम कोसमा ने कहा कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया से बाहर रखना संकीर्ण राजनीतिक सोच को दर्शाता है। यह निर्णय नगर की महिलाओं के सम्मान, उनकी भागीदारी और राजनीतिक अधिकारों की भावना के विपरीत है। उन्होंने भाजपा से मांग की कि एल्डरमेन नियुक्ति पर पुनर्विचार कर महिलाओं को भी सम्मानजनक प्रतिनिधित्व दिया जाए।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और राजनीतिक भागीदारी की पक्षधर रही है तथा भविष्य में भी महिलाओं को उनका उचित अधिकार दिलाने के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

## राहत: पालिका अध्यक्ष की पहल पर डीएवी स्कूल के सामने से हटा कीचड़, मुरम डालकर रास्ता को समतल किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लगातार हो रही बारिश के बीच डीएवी इस्पात वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सामने सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के दौरान बने गहरे गड्ढे और फैले कीचड़ से विद्यार्थियों, पालकों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों के जूते कीचड़ में सने रहते थे और गंदगी कक्षाओं तक पहुंच रही थी। पालकों को भी बच्चों के आने-जाने के समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। लंबे समय से बनी इस समस्या का समाधान अब नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू की पहल पर हो गया है।

विद्यालय के सामने कीचड़ और जलभराव की शिकायत पालकों ने नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू से की थी।





शिकायत मिलते ही उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर प्रशासक मंगेश सेलकर तथा राजहरा खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर. बी. गहरवार से चर्चा कर तत्काल आवश्यक सहयोग का आग्रह किया। इसके बाद इस्पात संयंत्र प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या के निराकरण के लिए सहयोग उपलब्ध कराया। समस्या के समाधान के तहत इस्पात संयंत्र की ओर से चार भारी वाहन मुरम भेजी गई। इसके बाद नगर पालिका की खुदाई मशीन की सहायता से पूरे क्षेत्र का समतलीकरण कराया गया तथा गड्ढे को भरकर मार्ग को आवागमन योग्य बनाया गया। इससे विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों, पालकों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय लोगों ने इस त्वरित पहल की सराहना करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में विद्यालय मार्ग की यह समस्या लगातार बढ़ रही थी। समय रहते गड्ढा भर जाने और मार्ग समतल हो जाने से अब बच्चों को सुरक्षित और सुगमता से विद्यालय पहुंचने में सुविधा मिलेगी। कार्य के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू, उपाध्यक्ष मनोज पिंटू दुबे, संयुक्त खदान मजदूर संघ अध्यक्ष श्रीनिवासलू, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद तरुण कुमार साहू तथा नगर प्रशासक की ओर से मुख्य तकनीशियन राकेश कुमार बांदे सहित संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गुण्डरदेही के विकास के लिए 1.30 करोड़ की मांग, उपमुख्यमंत्री अरुण साव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव से मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर में आयोजित कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं उपाध्यक्ष विजय सोनकर ने मुलाकात किया।

- नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने लंबित विकास कार्यों और 15वें वित्त की राशि जारी करने का किया आग्रह

इस अवसर पर नगर पंचायत गुण्डरदेही के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गोर् के निर्माण हेतु लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपए का मांग पत्र सौंपा गया।



इसके साथ ही नगर पंचायत गुण्डरदेही के 15वें वित्त आयोग की टाइड एवं अनटाइड मद के अंतर्गत लंबित विकास कार्योर् एवं रुकी हुई राशि के संबंध में भी अध्यक्ष प्रमोद जैन ने विस्तृत जानकारी देते हुए शीघ्र स्वीकृति एवं राशि जारी करने का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आश्वस्त किया कि नगर पंचायत गुण्डरदेही के विकास कार्योर् में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी तथा आवश्यक स्वीकृतियां प्राथमिकता के आधार पर प्रदान की जाएंगी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार नगरों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और गुण्डरदेही में सड़क, नाली एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

**विकसित भारत जी-रामजी योजना के तहत जल संरक्षण और आजीविका संवर्धन को मिला बढ़ावा**

## पेरपार में आजीविका डबरी बनी किसानों के लिए वरदान, रोजगार के साथ बढ़ेगी सिंचाई सुविधा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकसित भारत जी–रामजी योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत ग्राम पंचायत पेरपार में किए गए विकास कार्य ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। ग्राम पंचायत पेरपार निवासी चंदन कोटपरिया पिता उत्तम कोटपरिया के खेत में आजीविका डबरी का निर्माण कराया गया, जो आज किसान परिवार के लिए आजीविका, जल संरक्षण और आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन गया है। आजीविका डबरी निर्माण कार्य से 156 श्रमिकों को कुल 901 मानवदिवस का रोजगार उपलब्ध हुआ। इससे स्थानीय श्रमिकों को अपने ही गांव में सम्मानजनक रोजगार मिला, निर्मित आजीविका डबरी में वर्षा जल का संरक्षण होने से खेत में सिंचाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इससे फसलों का उत्पादन बढ़ेगा, अतिरिक्त खेती एवं बागवानी जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और किसान परिवार की आय में निरंतर वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। चंदन कोटपरिया के परिवार के लिए यह डबरी केवल एक जल संरचना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और समृद्धि की नई शुरुआत बनकर उभरी है।

सरपंच मिथलेश साहू ने कहा विकसित भारत जी–रामजी योजना ऐसी है जो गांवों में रोजगार सृजन, जल संरक्षण और किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ग्राम पंचायत पेरपार में किए जा रहे ऐसे विकास कार्य विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। समस्त कार्य मनरेगा अधिकारी और तकनीकी सहायक के मार्गदर्शन एवं ग्राम रोजगार सहायक तामेश्वर पटेल के देखरेख में पूर्ण किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411